मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर को दी एक हज़ार करोड़ रुपए की सौगात

चर्चा में क्यों?

9 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दौरे के तीसरे दिन गोरखपुर को एक हज़ार करोड़ से अधिक रुपए की सौगात दी। उन्होंने हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के मैदान पर करीब 1046 करोड़ रुपए की लागत वाले 258 विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 333.85 करोड़ रुपए के 56 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 711.81 करोड़ रुपए के 202 विकास कार्यों का शिलान्यास किया।
- गौरतलब है कि एक दिन पूर्व 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बस रहे औद्योगिक गलियारे में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1071 करोड़ रुपए के निवेश से लग रहे प्लांट का भूमि पूजन व शिलान्यास किया था।
- वरुण बेवरेजेज के प्लांट में आम, अमरूद, लीची जैसे फलों व दूध की आपूर्ति करके किसान और पशुपालक अपनी आय कई गुना बढ़ा सकेंगे।
- गोरखपुर के प्लांट से 1500 नौजवानों को रोज़गार मिलेगा तथा दस हज़ार ग्रामीण अतिरिक्त आमदनी स्रोत से जुड़ेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-yogi-gave-a-gift-of-1000-crore-rupees-to-gorakhpur